BIHAR BOARD CLASS - X

2018

HINDI (हिन्दी)

द्वितीय पाली (Second Sitting)

समय: 3 घंटे 15 मिनट] [पूर्णांक : 100

खण्ड-अ (वस्तुनिष्ठ प्रश्न)

प्रश्न संख्या 1 से 50 तक के प्रत्येक प्रश्न के साथ चार विकल्प दिये गये हैं, जिनमें से एक सही है। अपनी द्वारा चुने गये सही विकल्प को OMR शीट पर चिन्हित करें।

1. 'आजकल भारतीय पहनावे बदल गए हैं।' इस वाक्य में 'पहनावे' कौन सी संज्ञा है?

(A) जातिवाचक संज्ञा

(B) व्यक्तिवाचक संज्ञा

(C) भाववाचक संज्ञा

(D) समूहवाचक संज्ञा

2. 'मैं आप चला जाऊँगा' इस वाक्य में 'आप' कौन-सा सर्वनाम है ?

(A) पुरुषवाचक सर्वनाम

(B) निजवाचक सर्वनाम

(C) निश्चयवाचक सर्वनाम

(D) संबंधवाचक सर्वनाम

3. प्रविशेषण शब्द किसकी विशेषता बताता है ?

(A) संज्ञा की

(B) सर्वनाम की

(C) विशेषण की

(D) क्रिया की

4. 'मीरा को जिंदगी से बहुत घृणा है।' इस वाक्य में 'से' किस कारक की विभक्ति है ?

(A) करण

(B) अपादान

(C) संबंध

(D) कर्म

5. भूतकाल कितने प्रकार के होते हैं?

(A) चार

(B) पाँच

(A) तीन

(D) छह

6. 'व्यायाम' का संधि-विच्छेद क्या है ?

(A) व्य + आयाम

(B) वि + आयाम

(C) वया + आयाम

(D) व्या + याम

7. 'नीरव' का संधि-विच्छेद क्या है ?

(A) नी: + रव

(B) निः + रव

(C) नि + रव

(D) नी + रव

8. 'आजन्म' में कौन-सा समास है?

(A) अव्ययीभाव

(B) कर्मधारय

(C) द्विगु

(D) द्वंद्व

9. 'जन्म-मरण' में कौन-सा समास है?

(A) द्वंद्व

(B) द्विगु

(C) तत्पुरुष

(D) बहुव्रीहि

10. 'निस्तेज' में कौन-सा उपसर्ग है?

(A) नि

(B) निस

(C) निस्

(D) नी

11. 'बुढ़ापा' में कौन-सा उपसर्ग है ?

(A) पा

(B) अपा

(C) आपा

(D) अप

12. निम्नलिखित शब्दों में कौन-सा शब्द शुद्ध है?

(A) उच्छास

(B) उच्छ्वास

(C) उच्छ्वास

(D) उछ्वास

13. निम्नलिखित शब्दों में कौन-सा शब्द शुद्ध है?

(A) चरमोत्कर्ष

(B) चर्मोत्कर्ष

(C) चरमोत्कर्ष

(D) चर्मोत्कर्ष

14. निम्नलिखित वाक्यों में कौन-सा वाक्य शुद्ध है ?

(A) यह बालक कहाँ जा रहे हैं?

(B) बच्चा का क्या समाचार है?

(C) फूलों की एक माला ला दीजिए।

(D) लता दो चिट्ठी लिखी।

15. 'अक्ल पर पत्थर पड़ना' मुहावरे का सही अर्थ क्या है ?

(A) प्रतिभावान होना

(B) बुद्धिमान होना

(C) बुद्धि का उपयोग करना

(D) बुद्धि भ्रष्ट होना

16. आधुनिक सभ्य समाज श्रम विभाजन को आवश्यक क्यों मानता है ?

(A) कार्य कुशलता के लिए

(B) भाई चारे के लिए

(C) रूढ़िवादिता के लिए

(D) इनमें से कोई नहीं

17. 'श्रम विभाजन और जाति प्रथा' पाठ बाबा साहेब के किस भाषण का संपादित अंश है?

(A) द कास्ट्स इन इंडिया : देयर मैकेनिज्म

(B) जेनेसिस एंड डेवलपमेंट

(C) एनीहिलेशन ऑफ कास्ट

(D) हू आर शूद्राज

18. "ऐसे ही लड़के आगे चलकर गुण्डे, चोर, डाकू बनते हैं।" यह पंक्ति कहानी के किस पात्र ने कही है?

(A) सेन साहब की धर्मपत्नी

(B) गिरधर

(C) सेन साहब

(D) शोफर

19. किस के अध्ययन क्षेत्र में भारत के कारण नवजीवन का संचार हो चुका है ?

(A) विधिशास्त्र

(B) नीति कथा

(C) भाषा विज्ञान

(D) दैवत विज्ञान

20. सहजात वृत्तियाँ किसे कहते हैं?

(A) अस्त्रों के संचयन को

(B) अनजान स्मृतियों को

(C) स्व के बंधन को

(D) उपर्युक्त सभी

21. नागरी लिपि के आरंभिक लेख हमें कहाँ से मिले हैं?

(A) पूर्वी भारत

(B) पश्चिमी भारत

(C) दक्षिणी भारत

(D) उत्तरी भारत

22. वेतमा दानपात्र किस समय का है?

(A) 1020 ई.

(B) 1021 ई.

(C) 1022 ई.

(D) 1023 ई.

23. बहादुर लेखक के घर से अचानक क्यों चला गया?

(A) दूसरी नौकरी मिल जाने के कारण

(B) माँ की याद आने के कारण

(C) स्वयं के प्रति लेखक तथा उसके घरवालों के व्यवहार में आए परिवर्तन के कारण

(D) उपर्युक्त सभी

24. साहित्य की परम्परा का पूर्ण ज्ञान किस व्यवस्था में संभव है?

(A) सामन्तवादी व्यवस्था

(B) पूँजीवादी व्यवस्था

(C) समाजवादी व्यवस्था

(D) उपर्युक्त सभी

25. पं. विरजू महाराज का जन्म कब हुआ ?

(A) 4 फरवरी 1938

(B) 4 फरवरी 1937

(C) 4 फरवरी 1936

(D) 4 फरवरी 1935

26. 'ल मादामोजेल द किसकी कृति है ?

(A) लियोनार्दो द विंची

(B) पिकासो

(C) रवीन्द्रनाथ टैगोर

(D) विन्सेंट वैन गो

27. 'लां शत्रूज' का धार्मिक उपयोग कब से कब तक होता रहा?

(A) ग्यारहवीं सदी से फ्रेंच क्रांति तक

(B) बारहवीं सदी से फ्रेंच क्रांति तक

(C) तेरहवीं सही से फ्रेंच क्रांति तक

(D) चौदहवीं सदी से क्रांति तक

28. 'मछली' कहानी में किस वर्ग का चित्रण है?

(A) उच्चवर्गीय परिवार

(B) निम्नवर्गीय परिवार

(C) निम्नमध्यवर्गीय परिवार

(D) मध्यवर्गीय परिवार

29. विस्मिल्ला खाँ के साथ किस मुस्लिम पर्व का नाम जुड़ा हुआ है ?

(A) ईद

(B) बकरीद

(C) शबे बारात

(D) मुहर्रम

30. महात्मा गाँधी के अनुसार उदात्त व बढ़िया शिक्षा क्या है?

(A) आध्यात्मिक शिक्षा

(B) यांत्रिक शिक्षा

(C) अहिंसक प्रतिरोध

(D) साक्षरता

31. वाणी कब विष के समान हो जाती है ?

(A) राम नाम के बिना

(B) तीर्थ यात्रा के बिना

(C) ज्ञान के बिना

(D) इनमें से कोई नहीं

32. रसखान के रचनाकाल के समय किसका राज्यकाल था ?

(A) अकबर

(B) हुमायूँ

(C) जहाँगीर

(D) औरंगजेब

33. कवि ने 'परजन्य' किसे कहा है?

(A) कृष्ण

(B) सुजान

(C) बादल

(D) हवा

34. 'प्रेमधन' अपना आदर्श किसे मानते थे ?

(A) महात्मा गाँधी

(B) विवेकानंद

(C) रवीन्द्रनाथ टैगोर

(D) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र

35. भारत माँ के श्रेष्ठ मुख की तुलना कवि ने किससे की है ?

(A) सूर्य

(B) कंचन

(C) पुष्प

(D) छाया युक्त चंद्र

36. मिट्टी की अबोध घूरतें कौन हैं?

(A) नेता

(B) जनता

(C) अधिकारी

(D) मंत्री

37. 'हिरोशिमा' कविता किसका चित्रण करती है ?

(A) प्राचीन सभ्यता की खुशहाली का

(B) आधुनिक सभ्यता के विकास का

(C) प्राचीन सभ्यता की मानवीय विभीषिका का

(D) आधुनिक सभ्यता की दुर्दांत मानवीय विभीषिका का

38. 'एक वृक्ष की हत्या' कविता किस काव्य-संग्रह से संकलित है ?

(A) दीपशिखा

(B) ग्राम्या

(C) इन दिनों

(D) चिंता

39. गरीव बस्तियों में क्या हुआ ?

(A) कई शिशु पैदा हुए

(B) दंगे, आगजनी और बमबारी

(C) धमाके से देवी जागरण

(D) इनमें से कोई नहीं

40. सृष्टि को विकास-कथा का प्रथमाक्षर क्या है ?

(A) सफलता की पहली मुस्कान

(B) विफलता के परिणामस्वरूप उत्पन्न क्रोध

(C) विफलता पर छलके आँसू

(D) सफलता के लिए उत्साह

41. 'लौटकर आऊँगा फिर' कविता किस कवि द्वारा भावांतरित की गई है ?

(A) जीवनानंद दास

(B) विनोद कुमार शुक्ल

(C) प्रयाग शुक्ल

(D) कुँवर नारायण

42. 'मेरे बिना तुम प्रभु' किस भाषा से अनुवादित है ?

(A) अंग्रेजी

(B) जर्मन

(C) रूसी

(D) फ्रांसीसी

43. 'दही वाली मंगम्मा' कहानी किस लेखक द्वारा रचित है ?

(A) श्रीनिवास

(B) सातकोड़ी होता

(C) ईश्वर पेटलीकर

(D) सुजाता

44. मंगम्मा की बहु का क्या नाम है ?

(A) नजम्मा

(B) रंगम्मा

(C) गंगम्मा

(D) संगम्मा

45. 'ढहते विश्वास' कहानी किस लेखक द्वारा अनुदित है?

(A) राजेन्द्र प्रसाद मिश्र

(B) बी. आर. नारायण

(C) गोपाल दास नागर

(D) के.ए. जमुना

46. 'माँ' कहानी किस लेखक द्वारा रचित है ?

(A) श्रीनिवास

(B) सातकोड़ी होता

(C) ईश्वर पेटलीकर

(D) सुजाता

47. मंगु की माँ की कितनी संतानें थीं?

(A) दो

(B) तीन

(C) चार

(D) पाँच

48. 'नगर' कहानी किस भाषा से अनुदित है?

(A) उड़िया

(B) तमिल

(C) गुजराती

(D) कन्नड़

49. पाप्पाति की उम्र क्या थी?

(A) 10 वर्ष

(B) 11 वर्ष

(C) 12 वर्ष

(D) 14 वर्ष

50. 'धरती कब तक घूमेगी' कहानी किस लेखक द्वारा अनुदित है?

(A) गोपाल दास नागर

(B) सांवर दइया

(C) के० ए० जमुना

(D) राजेन्द्र प्रसाद मिश्र

खण्ड-ब (विषयनिष्ठ प्रश्न)

1. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दें-

साहित्य का सृजन एक व्यक्ति करता है और उसके माध्यम से वह अपनी निजी अनुभूतियों और मान्यताओं की अभिव्यक्ति करता है। किन्तु वह व्यक्ति किसी-न-किसी समाज में रहता है, उस समाज की मर्यादाओं में पलता है, और उसके गुण-अवगुणों से प्रभावित होता रहता है। वह अपने समाज के प्रभावों से कभी अछूता नहीं रह सकता। जैसे वह समाज की उपज है, वैसी ही इसकी कृति भी समाज सापेक्ष होती है। यही कारण है कि एक युग में लिखने वाले दो या तीन साहित्यकारों में समान विचार-धारा

मिलती है। रीतिकाल में जो उदासीनता और विलासिता छायी हुई थी, वह हिन्दी के सब कवियों में दृष्टिगोचर होती है। भारतेंदु युग के दौरान जो देश में नयी जागृति आ गई उसका प्रतिबिम्ब हिन्दी के तत्कालीन कभी कवियों की रचनाओं में पाया जाता है। इंग्लैण्ड में रेस्टोरेशन युग (17वीं सदी उत्तरार्द्ध) का भ्रष्टाचारपूर्ण जीवन उस युग के नाटकों में विकसित हुआ।

निम्नांकित प्रश्नों के उत्तर दें-

(क) साहित्यकार अपनी अनुभूतियों और मान्यताओं की अभिव्यक्ति किस माध्यम से करता है?

(ख) कृतिकार की कृति पर समाज की गतिविधियों का कैसा प्रभाव पड़ता है ?

(ग) एक ही युग में लिखने वाले दो या तीन साहित्यकारों में समान विचार-धारा क्यों मिलती है ?

(घ) रीतिकाल के कवियों में कौन-से भाव छाये हुए थे?

(ङ) रेस्टोरेशन युग के नाटकों में किस प्रकार का जीवन विकसित हुआ है?

2. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दें-

इस संसार को कर्मक्षेत्र कहा गया है। सारी सृष्टि कर्मरत है। छोटा-से-छोटा प्राणी भी कर्म का शाश्वत संदेश दे रहा है। प्रकृति के सामाज्य में कहीं भी अकर्मण्यता के दर्शन नहीं हो रहे हैं। सूर्य, चंद्र, पृथ्वी, ग्रह-नक्षत्रादि निरंतर गतिशील है। नियमानुकूल सूर्योदय होता है और सूर्यास्त तक किरणें प्रकाश बिखेरती रहती है। रात्रिकालीन आकाश में तारावली तथा नक्षत्रावली का सौंदर्य विहंस उठता है। क्रमशः बढ़ती घटती चंद्रकला के दर्शन होते हैं। इसी तरह विभिन्न ऋतुओं का चक्र अपनी धुरी पर चलता रहता है। नदियाँ अविरल गति से बहती रहती है। पेड़-पौधे, पशु-पक्षी सबके जीवन में सक्रियता है। वस्तुतः कर्म से परे जीवन का कोई उद्देश्य नहीं है।

मनुष्य का जन्म पाकर हाथ-पैर तो हिलाने ही होंगे। हमारे प्राचीन ऋषियों ने शतायु होने की किंतु कर्म करते हुए जीने की इच्छा प्रकट की थी । इतिहास साक्षी है कि कितने ही भारतीय युवकों ने कर्मशक्ति के बल पर चंद्रगुप्त की भाँति शक्तिशाली साम्राज्यों की स्थापना की। आधुनिक युग में भारत जैसे विशाल जनतंत्र की स्थापना करने वाले गाँधी, नेहरू, पटेल आदि कर्मपथ पर दृढ़ता के प्रतिरूप थे। दूसरी ओर इतिहास उन सम्राटों को

भी रेखांकित करता है जिनकी अकर्मण्यता के कारण महान साम्राज्य नष्ट हो गए। वेद , उपनिषद्, कुरान, बाइबिल आदि सारे धर्मग्रंथ कर्मठ मनीषियों की ही उपलब्धियाँ हैं। आधुनिक ज्ञान-विज्ञान की गौरव गरिमा उन वैज्ञानिकों की देन है जिन्होंने साधना की बलि वेदी पर अपनी हर साँस समर्पित कर दी। विज्ञान कर्म का साक्षात् प्रतीक है। सुख-समृद्धि के शिखर पर आसीन प्रत्येक व्यक्ति अथवा जाति-कर्म शक्ति का परिचय देती है।

निम्नांकित प्रश्नों के उत्तर दें-

(क) कर्म का संदेश निरंतर हमें किनसे मिल रहा है ?

(ख) ऋषियों ने सौ वर्ष का कैसा जीवन चाहा था ?

(ग) कर्म के बल पर किन साम्राज्यों की स्थापना हुई ?

(घ) अकर्मण्यता के क्या परिणाम होते हैं?

(ङ) विज्ञान कर्म का प्रतीक कैसे है?

3. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर दिए गए संकेत-बिंदुओं के आधार पर लगभग 250-300 शब्दों में निबंध लिखें।

(क) बिहार तब और अब

(i) भूमिका

(ii) अतीत

(iii) विभाजन

(iv) सामाजिक आर्थिक एवं शैक्षणिक प्रगति

(v) उपलब्धियाँ

(ख) छात्र और अनुशासन

(i) भूमिका

(ii) अनुशासन का महत्व

(iii) अनुशासन के अभाव में उच्छृंखलता

(iv) अनुशासन का मार्गदर्शन

(v) उपसंहार

(ग) समय की महत्ता

(i) भूमिका

(ii) समय रहते सचेत होना

(iii) दुरुपयोग से हानि

(iv) सदुपयोग का लाभ

(v) उपसंहार

(घ) दहेज प्रथा : एक अभिशाप

(i) परंपरा और रूढ़ि

(ii) भारतीय समाज की विद्रूपता

(iii) बढ़ती माँगे और नववधू पर अत्याचार

(iv) दहेज विरोधी कानून

(v) कैसे छुटकारा पाएँ

(ङ) दीपावली

(i) भूमिका

(ii) दीपावली कब और क्यों मनाते हैं?

(iii) इससे लाभ और हानि

(iv) उपसंहार

4. अपने प्रधानाध्यापक के पास दो दिनों के अवकाश हेतु एक आवेदन पत्र लिखें।

अथवा

मोबाइल फोन के दुरुपयोग पर दो छात्रों का संवाद लिखिए।

5. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर लगभग 20-30 शब्दों में दें।

(क) लेखक के अनुसार आदर्श समाज में किस प्रकार की गतिशीलता होनी चाहिए ?

(ख) लेखक के अनुसार सफलता और चरितार्थता क्या है?

(ग) लेखक ने पटना से नागरी का क्या संबंध बताया है ?

(घ) 'राम नाम बिनु बिरथे जगि जनमा' पद का मुख्य भाव क्या है?

(ङ) नेताओं के बारे में कवि प्रेमधन की क्या राय है?

(च) हिरोशिमा कविता से हमें क्या सीख मिलती है?

(छ) मंगम्मा की बहु ने विवाद निपटाने में पहल क्यों की?

(ज) मंगु को उसकी माँ अस्पताल में भर्ती क्यों नहीं करवाना चाहती थी ?

6. निम्नलिखित पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए-

'परंपरा का मूल्यांकन' निबंध का समापन करते हुए लेखक कैसा स्वप्न देखता है? उसे साकार करने में परंपरा की क्या भूमिका हो सकती है विचार करें।

अथवा

एक वृक्ष की हत्या' कविता की प्रासंगिकता पर विचार करते हुए एक टिप्पणी लिखें।